# दैनिक समाचार पत्रों में महाविद्यालय की प्रकाशित सूचनाएं / समाचार
## सत्रः 2025–26

दिनाँक : 30 / 07 / 2025 खरी कसौटी

# नेट परीक्षा पास कर महाविद्यालय का बढ़ाया गौरव, परिवार में हर्ष

खरी कसौटी





**अम्बेडकर नगर** : रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर से परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत राजनीति विज्ञान विभाग की अंशिका पाण्डेय व आकांक्षा वर्मा ने वर्ष 2025 की यूजीसी नेट परीक्षा पास कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है । साथ ही बताते चलें कि महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग से परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर शिखा पाण्डेय ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जे.आर.एफ.) के साथ ही नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की । बताते चलें कि शिखा पांडेय को पीएचडी में प्रवेश लेने के उपरांत लगभग 43000 रुपये प्रतिमाह फेलोशिप प्राप्त होगी । साथ ही तीनों छात्रायें विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर आवेदन करने हेतु पात्र बन गयी हैं । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने तीनों छात्राओं की सफलता पर अपना शुभाशीष देते हुए कहा कि इन्होंने न केवल महाविद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि भविष्य में परास्नातक कर असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का सपना देखने वाली छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत का भी काम करेंगी । महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो अरविंद वर्मा, प्रो अरुण कांत गौतम, डॉ सीमा यादव, डॉ रवींद्र वर्मा, डॉ महेंद्र यादव, डॉ नंदन सिंह, डॉ मनोज गुप्ता, डॉ सतीश कुमार उपाध्याय, कुँवर संजय भारती, डॉ अनूप पाण्डेय, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, विद्याधर मिश्र, डॉ भानु प्रताप राय, डॉ सुनीता सिंह, सीता पांडेय, डॉ संगीता, डॉ वालेंतिना प्रिया आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

दिनाँक : 30/07/2025 लोक भारती



# रमाबाई महिला महाविद्यालय की तीन छात्राओं ने यूजीसी व नेट परीक्षा पास कर बढ़ाया मान



आकांक्षा वर्मा



आंशिका पांडेय



शिखा पाण्डेय

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

अम्बेडकरनगर ।रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर से परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत राजनीति विज्ञान विभाग की अंशिका पाण्डेय व आकांक्षा वर्मा ने वर्ष 2025 की यूजीसी व नेट परीक्षा पास कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।वही महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग से परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर शिखा पाण्डेय ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जे.आर.एफ.) के साथ ही नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की। शिखा पांडेय को पीएचडी में प्रवेश लेने के उपरांत लगभग 43000 रुपये प्रतिमाह फेलोशिप प्राप्त होगी । साथ ही तीनों छात्रायें विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर आवेदन करने हेतु पात्र बन गयी हैं।महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने तीनों छात्राओं की सफलता पर अपना शुभाशीष देते हुए कहा कि इन्होंने न केवल महाविद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि भविष्य में परास्नातक कर असिस्टेंट प्रोफेसर बनने का सपना देखने वाली छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत का भी काम करेंगी ।महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो अरविंद वर्मा, प्रो अरुण कांत गौतम, डॉ सीमा यादव, डॉ रवींद्र वर्मा, डॉ महेंद्र यादव, डॉ नंदन सिंह, डॉ मनोज गुप्ता, डॉ सतीश कुमार उपाध्याय, कुँवर संजय भारती, डॉ अनूप पाण्डेय, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, विद्याधर मिश्र, डॉ भानु प्रताप राय, डॉ सुनीता सिंह, सीता पांडेय, डॉ संगीता, डॉ वालेंतिना प्रिया आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं ।

दिनाँक : 30/07/2025 हिन्दुस्तान

# रमाबाई की तीन छात्राओं ने पास की नेट परीक्षा

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर की तीन परास्नातक छात्रा ने उत्तीर्ण करने के उपरांत यूजीसी/नेट परीक्षा पास की है। राजनीति विज्ञान विभाग की अंशिका पाण्डेय व आकांक्षा वर्मा और गृह विधान की शिखा ने यूजीसी/नेट परीक्षा पास कर कालेज को गौरवान्वित किया है। शिखा मौके पर पीएचडी कर रही हैं।

दिनाँक : 30/07/2025 अवधी खबर

# रमाबाई महिला पीजी कॉलेज की तीन छात्राओं ने UGC&NET में पाई सफलता

## शिखा पांडेय को मिला जेआरएफ,महाविद्यालय को किया गौरवान्वित, प्राचार्य सहित शिक्षकों ने दी बधाई

**अवधी खबर संवाददाता**



अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर की तीन छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। राजनीति विज्ञान विभाग की अंशिका पांडेय और आकांक्षा वर्मा ने वर्ष 2025 की यूजीसी–नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है, जबकि गृहविज्ञान विभाग की शिखा पांडेय ने यूजीसी–नेट के साथ–साथ जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) भी प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। शिखा पांडेय को पीएचडी में प्रवेश के उपरांत प्रतिमाह लगभग 43,000 की फेलोशिप प्राप्त होगी। यह तीनों छात्राएं अब विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए आवेदन करने की पात्रता प्राप्त कर चुकी हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह ने तीनों छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल कॉलेज का नाम रोशन किया है, बल्कि आगे आने वाली छात्राओं के लिए एक प्रेरणास्रोत के रूप में भी कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्राओं के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो. अरविंद वर्मा, प्रो. अरुण कांत गौतम, डॉ. सीमा यादव, डॉ. रवींद्र वर्मा, डॉ. महेंद्र यादव, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. सतीश कुमार उपाध्याय, कुँवर संजय भारती, डॉ. अनूप पांडेय, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, विद्याधर मिश्र, डॉ. भानु प्रताप राय, डॉ. सुनीता सिंह, सीता पांडेय, डॉ. संगीता, डॉ. वालेंतिना प्रिया आदि ने छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाइयां दीं। महाविद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी छात्राएं इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करती रहेंगी।

दिनाँक : 30/07/2025 संवाद न्यूज

# रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की तीन छात्राओ ने वर्ष 2025 की यूजीसी/नेट परीक्षा पास कर महाविद्यालय को किया गौरवान्वित

संवाददाता, अम्बेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अम्बेडकर नगर से परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत राजनीति विज्ञान विभाग की अंशिका पाण्डेय व आकांक्षा वर्मा ने वर्ष 2025 की यूजीसीध्नेट परीक्षा पास कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है ।साथ ही बताते चलें कि महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग से परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण कर शिखा पाण्डेय ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जे.आर.एफ) के साथ ही नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की ।बताते चलें कि शिखा पांडेय को पीएचडी में प्रवेश लेने के उपरांत लगभग 43000 रुपये प्रतिमाह फेलोशिप प्राप्त होगी । साथ ही तीनों छात्रायें विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर आवेदन करने हेतु पात्र बन गयी हैं ।महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह ने तीनों छात्राओं की सफलता पर अपना शुभाशीष देते हुए कहा कि इन्होंने न केवल महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

दिनाँक : 30/08/2025 लोक भारती न्यूज ब्यूरो

# रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन




लोक भारती न्यूज ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर,में राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस) के अवसर पर खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।उसके बाद छात्राओं ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया।इस अवसर पर प्रोफेसर शेफाली सिंह द्वारा महाविद्यालय के कीड़ा ध्वज का आरोहण किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि खेलों के द्वारा हमारा सर्वांगीण विकास होता है साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है।राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत वर्ष 2012 में हुई।दुनिया भर में हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध भारत के महान काल जयी हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद सिंह जिन्होंने भारत को ओलंपिक में तीन स्वर्ण पदक दिलाया था। उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए 29 अगस्त को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस अवसर पर महाविद्यालय में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें कुमारी निष्ठा मिश्रा बीएससी तृतीय वर्ष को प्रथम स्थान, कुमारी माही बीए तृतीय वर्ष को द्वितीय स्थान तथा कुमारी सृष्टि बीएससी प्रथम वर्ष को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।प्रतियोगिता का संचालन व आभार ज्ञापन कृष्ण कुमार विश्वकर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा क्रीडा प्रभारी ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा, प्रो0अरुण कांत गौतम डॉ0 नंदन सिंह, डॉ0सीमा यादव ,डॉ0 रवींद्र वर्मा, डॉ0 सुनीता सिंह,डॉ0अनूप पांडेय ,डॉ0 सतीश कुमार उपाध्याय , विद्याधर मिश्रा डॉश वी प्रिया ,डॉक्टर संगीता,सीता पांडेय कुंवर संजय भारती व महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

दिनाँक : 30/08/2025 हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में निष्ठा को मिला प्रथम स्थान

**अम्बेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण से किया।

छात्राओं ने गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने कीड़ा ध्वज रोहण किया। कहा खेलों से सर्वांगीण विकास होता है। महाविद्यालय में बैडमिंटन प्रतियोगिता में निष्ठा मिश्रा बीएससी तृतीय वर्ष को प्रथम स्थान, माही बीए तृतीय वर्ष को द्वितीय स्थान तथा सृष्टि बीएससी प्रथम वर्ष को तृतीय स्थान मिला। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा प्रोफेसर कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने की। प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, प्रो. अरुण कांत गौतम, डॉ नंदन सिंह, डॉ सीमा यादव, डॉ रवींद्र वर्मा, डॉ सुनीता सिंह, डॉ अनूप पांडेय, डॉ सतीश कुमार उपाध्याय, विद्याधर मिश्रा, डॉ वी प्रिया, डॉ संगीता, सीता पांडेय कुंवर संजय भारती व मौजूद रहे।

दिनाँक : 30/08/2025 अवधी खबर

# खेल-कूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**अवधी खबर संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद जयंती) के अवसर पर खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इसके उपरांत छात्राओं ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय का खेल ध्वज आरोहित किया गया।




अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि खेलों से हमारा सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। वर्ष 2012 से इसकी औपचारिक शुरुआत हुई। मेजर ध्यानचंद, जिन्हें 'हॉकी का जादूगर' कहा जाता है, ने भारत को तीन बार ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाकर विश्व पटल पर देश का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर महाविद्यालय में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें बीएससी तृतीय वर्ष की निष्ठा मिश्रा ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष की माही ने द्वितीय स्थान तथा बीएससी प्रथम वर्ष की सृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन व आभार ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी व शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा, प्रो. अरुण कांत गौतम, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. सीमा यादव, डॉ. रवींद्र वर्मा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अनूप पांडेय, डॉ. सतीश कुमार उपाध्याय, विद्याधर मिश्रा, डॉ. वी. प्रिया, डॉ. संगीता, सीता पांडेय, कुंवर संजय भारती सहित समस्त स्टाफ मौजद रहा।

दिनाँक : 30/08/2025 आनन्दी मेल

# राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

आनंदी मेल ब्यूरो




अंबेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर, अंबेडकर नगर में राष्ट्रीय खेल दिवस (मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस) के अवसर पर खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के द्वारा मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तदुपरांत छात्राओं ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रोफेसर शेफाली सिंह द्वारा महाविद्यालय के कीड़ा ध्वज का आरोहण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि खेलों के द्वारा हमारा सर्वांगीण विकास होता है साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत वर्ष 2012 में हुई। दुनिया भर में हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध भारत के महान काल जयी हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद सिंह जिन्होंने भारत को ओलंपिक में तीन स्वर्ण पदक दिलाया था उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए 29 अगस्त को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस अवसर पर महाविद्यालय में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुमारी निष्ठा मिश्रा बीएससी तृतीय वर्ष को प्रथम स्थान, कुमारी माही बीए तृतीय वर्ष को द्वितीय स्थान तथा कुमारी सृष्टि बीएससी प्रथम वर्ष को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संचालन व आभार ज्ञापन कृष्ण कुमार विश्वकर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर शारीरिक शिक्षा क्रीडा प्रभारी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा, प्रो0अरुण कांत गौतम डॉ0 नंदन सिंह, डॉ0सीमा यादव ,डॉ0 रवींद्र वर्मा, डॉ0 सुनीता सिंह,डॉ0अनूप पांडेय ,डॉ0 सतीश कुमार उपाध्याय ,श्री विद्याधर मिश्रा डॉव वी प्रिया ,डॉक्टर संगीता, सुश्री सीता पांडेय श्री कुंवर संजय भारती व महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

दिनाँक : 16/09/2025 हिन्दुस्तान



# बोले अम्बेडकर नगर

## डिग्री कॉलेज

नगर का रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर कॉलेज शिक्षकों की कमी के बावजूद बेटियों का भविष्य संवारने में लगा है। यहां गणित, जीव विज्ञान समेत कई अन्य महत्त्वपूर्ण विषयों से जुड़े अध्यापक ही नहीं है। दरअसल संबंधित विषयों के अध्यापकों की तैनाती पूर्व में थी। लेकिन कोई सेवानिवृत्त हो गया तो किसी का स्थानान्तरण हो जाने के बाद पदों पर नवीन तैनाती नहीं हो सकी। ऐसे में छात्राओं को ऑनलाइन गेस्ट फैकल्टी के माध्यम से संबंधित विषयों की शिक्षा देने की व्यवस्था बनाई गई है। इसके अलावा लैब असिस्टेंट, चपरासी व स्वीपर के पद भी खाली है, जिससे खासी दिक्कत होती है। यहां डिजिटल पुस्तकालय तो है, लेकिन उसका विस्तार करने की जरूरत है। छात्रावास का निर्माण हो जाने से छात्राओं को बेहतर ढंग से सुविधाएं मिल सकती हैं। ऑडिटोरियम की भी यहां आवश्यकता बनी हुई है।



हिन्दुस्तान की बोले मुहिम के तहत स्नातक व स्नातकोत्तर शिक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा करती छात्राएं। छात्राओं ने प्रमुख समस्या छात्रावास व कई विषयों के लिए विशेषज्ञों का न होना बताया।

# शिक्षकों की कमी मनचाहे विषय की पढ़ाई में बड़ी बाधा

नगर के बसखारी रोड स्थित रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अपनी बेहतर शिक्षा प्रणाली के लिए जाना जाता है। यह बात अलग है कि यहां मैथ, जूलॉजी व बॉटनी समेत कई अन्य महत्त्वपूर्ण शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। ऐसे में संबंधित विषयों की शिक्षा ऑनलाइन गेस्ट फैकल्टी के माध्यम से छात्राओं को दिलाया जाता है। यदि शिक्षकों की तैनाती हो जाए तो शिक्षण व्यवस्था को और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकता है।

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 450 छात्राएं शिक्षा ग्रहण करती हैं। यहां बीए, बीएससी, एमए व एमएससी की शिक्षा छात्राओं को मिलती है। समस्या यह है कि यहां मैथ, जूलॉजी, बॉटनी, संगीत, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र व हिन्दी विषय से जुड़े शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। दरअसल पूर्व में इन पदों पर शिक्षकों की तैनाती थी। लेकिन कोई सेवानिवृत्त हो गया तो किसी का स्थानान्तरण अन्यत्र स्थान पर हो जाने से ये पद खाली हो गए। मौजूदा समय में संबंधित विषयों की शिक्षा ऑनलाइन गेस्ट फैकल्टी के माध्यम से छात्राओं को दिलाया जा रहा है। हालांकि यदि खाली पड़े पदों पर नवीन तैनाती शिक्षकों की हो जाए तो यहां शिक्षण व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण हो जाएगा। इसका लाभ छात्राओं को बेहतर ढंग से मिल सकेगा। इसके अलावा लैब टेक्नीशियन की भी तैनाती न होने से छात्राओं को मशक्कत करनी पड़ती है। चपरासी व स्वीपर की भी तैनाती न होने से साफ सफाई व्यवस्था के साथ अन्य प्रबंध ठीक ढंग से नहीं हो पाते हैं। नगर निवासी अभिभावक रामनाथ व सौरभ कहते हैं कि रमाबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षा का स्तर बेहतर है। यदि सभी विषयों के शिक्षकों की तैनाती हो जाए तो इसका लाभ छात्राओं को मिलेगा। बगैर शिक्षकों के शिक्षण व्यवस्था उतनी बेहतर ढंग से नहीं हो सकती है। इसके लिए जिम्मेदारों को गंभीरता से प्रयास करना होगा।

**लाइब्रेरी का हो विस्तार, छात्रावास का कराया जाए निर्माण:** छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सके, इसके लिए यहां लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। लेकिन छात्राओं की संख्या को देखते हुए इसका विस्तार करने की जरूरत है। इसके अलावा यहां छात्रावास का निर्माण भी कराया जाना अत्यंत जरूरी है। जिससे छात्राएं यहां ठहर सकें। महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्राओं के लिए लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। यहां बैठने की व्यवस्था समेत अन्य प्रबंध ठीक है। लेकिन छात्राओं की संख्या को देखते हुए लाइब्रेरी का विस्तार किया जाना जरूरी हो गया है। ऐसा होने से छात्राओं को पढ़ाई में सहूलियत मिलेगी। इसके अलावा यहां छात्रावास का निर्माण की भी जरूरत है। दरअसल महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्थानीय छात्राओं के अलावा दूर दराज से भी छात्राएं आती हैं। ऐसे में उन्हें प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर आने जाने में खासी परेशानी होती है। लेकिन यदि छात्रावास का निर्माण हो जाए तो आसानी होगी।

## एनएसएस से छात्राओं का हो रहा व्यक्तित्व निर्माण

रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम व एनएसएस कैंप का आयोजन होता है। जिसमें छात्राएं भाग लेकर न सिर्फ खुद के व्यक्तित्व को निखार रहीं हैं वरन उन्हें सामाजिक मूल्यों की भी जानकारी मिल रही है। यहां छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए समय समय पर गतिविधियां होती रहती हैं। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए जहां छात्राओं को अपनी परंपराओं व सामाजिक मूल्यों से अवगत होने का अवसर मिलता है तो वहीं खेल के माध्यम से वे अपनी प्रतिभा को दर्शाती है। इसके अलावा एनएसएस कैंप का भी आयोजन यहां होता है। समाज व राष्ट्र सेवा के भी महत्त्व से परिचित होती हैं। छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण पर भी ले जाया जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता आनंद कहते हैं कि शिक्षा के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियां छात्र छात्राओं के चहुमुखी विकास में सहायक होती हैं। ऐसे आयोजन प्रत्येक महाविद्यालय में होते हैं।

**प्रस्तुति:** नवनीत सिंह/सुधीर तिवारी



लाइब्रेरी में पुस्तकें लेती छात्राएं।

## सुझाव-शिकायतें

**सुझाव**

- कई महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं है। ऐसे में संबंधित विषयों के शिक्षकों की तैनाती हो।
- लाइब्रेरी तो स्थापित कराई गई है, लेकिन यदि उसका विस्तार कर दिया जाए और लाभ छात्राओं को मिलेगा।
- महाविद्यालय परिसर में छात्रावास का निर्माण कराया जाए, जिससे दूर दराज के छात्राओं को लाभ मिल सके।
- चपरासी व स्वीपर के पदों पर तैनाती की जाए।
- ऑडिटोरियम का निर्माण हो जाने से कई गतिविधियां आसानी से हो सकेंगी।

**शिकायतें**

- शिक्षकों के खाली पड़े पदों पर नवीन तैनाती नहीं हो पा रही है।
- लाइब्रेरी तो है, लेकिन उसे और विस्तार देने की जरूरत है ताकि आसानी हो सके।
- महाविद्यालय परिसर में छात्रावास का निर्माण न होने से छात्राओं को मुश्किल होती है।
- चपरासी व स्वीपर की तैनाती न होने से सफाई व्यवस्था पर असर पड़ता है।
- ऑडिटोरियम का निर्माण न होने से मुश्किल होती है।



एनएसएस शिविर के माध्यम से गांव में ग्रामीणों को जागरूकता का संदेश देती छात्राएं। (फाइल फोटो)

| 450 | 30 | 06 |
|---|---|---|
| छात्राएं महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहीं हैं | के सापेक्ष 19 पदों पर है शिक्षकों की तैनाती | से ज्यादा छात्राओं का होता है नेट व जेआरएफ में चयन |

## हर साल जेआरएफ व नेट में छात्राओं का होता है चयन

**अम्बेडकरनगर।** महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी भले ही है, लेकिन छात्राओं को उपलब्ध संसाधनों में बेहतर शिक्षा देने का प्रयास शिक्षक करते हैं। शिक्षकों के बेहतर गाइडेंस व छात्राओं के परिश्रम का परिणाम है कि प्रत्येक वर्ष यहां से कई छात्राएं जेआरएफ व नेट परीक्षा में क्वालीफाई करती हैं। महाविद्यालय में पढ़ने वाली कई छात्राएं प्रत्येक वर्ष जेआरएफ व नेट परीक्षा क्वालीफाई करती हैं। कई छात्राओं का चयन अब तक अच्छे पदों पर हो चुका है। यह सब यहां के शिक्षक व शिक्षिकाओं के बेहतर प्रयास का परिणाम है। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ नंदन सिंह कहते हैं कि छात्राओं को बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने पर जोर रहता है। इसके लिए वे बेहतर कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जिसका परिणाम भी लगातार सामने आ रहा है। प्रोफेसर अरविन्द कहते हैं कि शिक्षा किसी भी समाज व देश की दिशा व दशा को बदलने में बहुत हद तक अपना रोल निभाती है। इसी उद्देश्य के साथ छात्राओं को शिक्षित करने के लिए पूरे मनोयोग के साथ काम किया जाता है।

## बोले जिम्मेदार



छात्राओं को उपलब्ध संसाधनों में बेहतर शिक्षा दी जाती है। समय समय पर सांस्कृतिक गतिविधियों से भी उन्हें जोड़ा जाता है। शिक्षकों के खाली पड़े पदों पर तैनाती के लिए पत्राचार किया गया है। मूलभूत सुविधाओं का लाभ शिक्षकों व छात्राओं को मिल रहा है।

-प्रो. शेफाली सिंह, प्राचार्या, रमाबाई राजकीय महिला पीजी कॉलेज, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर

## हमें बताएं

आपके इलाके में कोई समस्या है तो 'हिन्दुस्तान' से साझा करें-

आप इस नंबर पर व्हाट्सऐप कर जानकारी भी दे सकते हैं-

9415169048

## हमारी भी सुनिए



खाली पड़े पदों पर तैनाती हो जाने से शिक्षण व्यवस्था और बेहतर होगा। हालांकि संबंधित विषयों की शिक्षा ऑनलाइन गेस्ट फैकल्टी के माध्यम से मिल रहा है। -जया पांडेय



महाविद्यालय में सुविधाएं बेहतर है। हालांकि यहां छात्रावास का निर्माण हो जाए तो काफी अच्छा होगा। -प्रज्ञा पांडेय



लाइब्रेरी का लाभ छात्राओं को मिल रहा है। लेकिन इसका विस्तार करने की जरूरत है। लाइब्रेरी शिक्षा ग्रहण करने में काफी सहायक साबित हो रही है। -नेहा



छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए समय समय पर खेल के साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियां होती रहती है। एनएसएस के माध्यम से कैंप भी लगाया जाता है। -बिन्दू



छात्राओं को शिक्षकों द्वारा बेहतर शिक्षा दी जाती है। समय समय पर उनका मार्गदर्शन भी किया जाता है। इससे छात्राओं को कोई दिक्कत नहीं होती है। -आरती



लैब असिस्टेंट की तैनाती किया जाना जरूरी है। इससे लैब में प्रैक्टिकल करने के दौरान होने वाली मुश्किलों से निजात मिलेगा। साथ ही छात्राओं के ज्ञान में भी वृद्धि होगी। -रूबी



पढ़ाई के दौरान शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलता है। इससे छात्राओं को कोई दिक्कत नहीं होती है। जो भी संसाधन है, उसका पूरा लाभ छात्राओं को मिलता है। -गरिमा



महाविद्यालय में बेहतर शिक्षा का परिणाम है कि प्रत्येक वर्ष यहां से कई छात्राएं नेट व जेआरएफ जैसी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करती है। इससे अन्य छात्राओं को प्रेरणा मिल रहा है। -अपूर्वा



मूलभूत सुविधाएं यहां ठीक है। पेयजल के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का लाभ छात्राओं को मिलता है। सफाई व्यवस्था पर भी पूरा ध्यान दिया जाता है। -आकर्षिता



महाविद्यालय में छात्राओं को बेहतर शिक्षा दी जाती है। शिक्षक व शिक्षिकाएं पूरी गंभीरता के साथ काम करते हैं। जिससे छात्राओं को कोई दिक्कत न हो। -डॉ नंदन सिंह



छात्राओं की जो भी समस्याएं होती है, उसका निस्तारण किया जाता है। जोर यह रहता है कि छात्राओं को उपलब्ध संसाधनों में बेहतर ढंग से शिक्षित किया जाए। -डॉ रवींद्र वर्मा



छात्राओं को शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में शामिल कराया जाता है। खेल के सांस्कृतिक कार्यक्रम से सामाजिक मूल्यों से परिचित कराया जाता है। -डॉ अरविन्द

दिनाँक : 20/09/2025 अवधी खबर

# पोषण माह के अंतर्गत सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अवधी खबर संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर के गृह विज्ञान विभाग द्वारा "पोषण माह–2025" के अंतर्गत सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम अफजलपुर गांव में "महिला जागरूकता एवं पोषण" विषय पर आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, उनके निवारण, संतुलित आहार एवं आहार–योजना के महत्व के बारे में जानकारी देना था। गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. संगीता ने "संतुलित आहार एवं हमारा स्वास्थ्य" विषय पर व्याख्यान देते हुए महिलाओं को खान–पान और रहन–सहन से होने वाले प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया।



महाविद्यालय की छात्राओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। छात्रा सलमा बानो ने हार्मोन से जुड़ी समस्याओं पर जानकारी दी, वहीं अंशिका ने मधुमेह और उच्च रक्तचाप पर प्रकाश डाला। संध्या और श्वेता सिंह ने पोस्टरों के माध्यम से आहार–योजना व संतुलित आहार की जानकारी दी। छात्राओं ने शैशवावस्था से वृद्धावस्था तक बदलती पोषण संबंधी जरूरतों, बच्चों की वृद्धि, नवजात शिशु के आहार, पोषण थाली का प्रदर्शन और पौष्टिक व्यंजनों की विधि पर भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सीता पांडे ने विटामिन, खनिज लवण और पर्याप्त मात्रा में जल सेवन की महत्ता पर जोर दिया। गोष्ठी के दौरान महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे जिनका समाधान विशेषज्ञों और छात्राओं द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, प्रो. अरुणकांत गौतम, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. सीमा यादव, डॉ. सतीश कुमार उपाध्याय, डॉ. भानु प्रताप राय, डॉ. वालेतिना प्रिया, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, डॉ. रवींद्र वर्मा, कुंवर संजय भारती, विधाधर मिश्रा, अवधेश नंदिनी समेत अन्य प्राध्यापक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

दिनाँक : 20/09/2025 हिन्दुस्तान

हिन्दुस्त

# पौष्टिक आहार का सेवन स्वस्थ रहने का है आधार

**अम्बेडकरनगर, संवाददाता।** रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में शुक्रवार को गृह विज्ञान विभाग की ओर से पोषण माह के तहत गोष्ठी हुई। प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह की पहल पर अफजलपुर में महिला जागरूकता का कार्यक्रम हुआ। उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं व उनके निवारण, खान-पान तथा आहार-योजना के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में गांव की महिलाओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया गया। गृह विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ संगीता ने महिलाओं को संतुलित आहार एवं हमारा स्वास्थ्य विषय पर स्वास्थ्य एवं खान-पान, रहन-सहन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी। छात्रा सलमा बानो ने हार्मोन से संबंधित समस्या के बारे में बताया।

अंशिका ने महिलाओं को मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के बारे में बताया। संध्या और श्वेता सिंह ने अपने पोस्टर से आहार एवं संतुलित आहार के बारे में बताया। सीता पांडेय ने विटामिन, खनिज लवण एवं पर्याप्त मात्रा में जल के सेवन पर जानकारी देते हुए बताया कि इससे हम प्रतिदिन की स्वास्थ्य संबंधी समस्यायों से निजात पा सकते हैं।

दिनाँक : 20/09/2025 विशाल इंडिया

# महिला जागरूकता एवं पोषण शिविर का आयोजन

**विशाल इण्डिया पूनम तिवारी**

**अंबेडकर नगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह -2025 के तत्वावधान में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शेफाली सिंह के नेतृत्व में पोषण माह के तीसरे सप्ताह में सामुदायिक जागरूकता के अंतर्गत अफजलपुर गांव में महिला जागरूकता एवं पोषण से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं व उनके निवारण, खान-पान तथा आहार-योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

इस कार्यक्रम में गांव की महिलाओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया द्य इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ संगीता ने महिलाओं को संतुलित आहार एवं हमारा स्वास्थ्य विषय पर महिला स्वास्थ्य एवं खान-पान, रहन-सहन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय में अध्यनरत गृह विज्ञान की छात्राओं द्वारा भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां




महिलाओं को प्रदान की गई। छात्रा सलमा बानो ने महिलाओं को हार्मोन से संबंधित हो रही समस्याओं के बारे में बताया।

साथ ही अंशिका ने महिलाओं को मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के बारे में बताया, वही संध्या, श्वेता सिंह आदि ने अपने पोस्टर के द्वारा आहार-योजना एवं संतुलित आहार के बारे में महिलाओं को विस्तृत जानकारियाँ प्रदान की।

गोष्ठी के दौरान महिलाओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के जवाब दिए गए तथा उनकी जिज्ञासा को शांत करने का प्रयास किया गया। आहार-योजना के अंतर्गत शैशवावस्था से वृद्धावस्था की बदलती हुई जरूरत के अनुसार पौष्टिक तत्वों की मांग किस प्रकार बदलती है, इस पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं शारीरिक बदलाव तथा हार्मोन के कारण की महिलाओ को होने वाली समस्याओं एवं बीमारियों के बारे में बताया गया तथा इसे किस प्रकार रहन-सहन, योग एवं खान-पान से हम काफ़ी हद तक रोक सकते हैं, इस पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बढ़ते हुए बच्चों की वृद्धि हेतु आवश्यक पोषक तत्व, नवजात शिशु एवं दो वर्ष के बच्चों के उत्तम पोषण हेतु आवश्यक पोषण, पोषण थाली का प्रदर्शन एवं उसमें सम्मिलित सभी खाद्य-पदार्थों आदि के बारे में विस्तार से बताया।

छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन एवं उनको बनाने की विधि भी बताई गयी एवं उन्हें दैनिक आहार में शामिल करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर सुश्री सीता पांडे द्वारा विटामिन, खनिज लवण एवं पर्याप्त मात्रा में जल के सेवन पर जानकारी देते हुए बताया कि इससे हम प्रतिदिन की स्वास्थ्य संबंधी समस्यायों से निजात पा सकते हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो. अरविंद कुमार वर्मा, प्रो.अरुणकान्त गौतम, डॉ नंदन सिंह, डॉ सुनीता सिंह, डॉ सीमा यादव, डॉ सतीश कुमार उपाध्याय, डॉ भानु प्रताप राय, डॉ.वालेतिना प्रिया, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, डॉ रवींद्र वर्मा, कुंवर संजय भारती, श्री विधाधर मिश्रा, अवधेश नंदिनी आदि उपस्थित रहे।

दिनाँक : 21/09/2025 अवधी खबर

# महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का सफल आयोजन






**अवधी खबर संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर मे दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बी.ए. एवं बी.एस-सी. की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किये। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं को दीक्षारम्भ कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में कठिन परिश्रम करके सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। यह महाविद्यालय अकादमिक और करियर के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यहाँ छात्राओं की प्रतिभा को परखने के साथ-साथ उनमें आलोचनात्मक सोच, समय प्रबंधन और समस्या-समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित किये जाते है। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषय एवं प्रभारों के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। महाविद्यालय के मुख्य शास्ता डॉ अरविंद कुमार वर्मा, प्रोफेसर - समाजशास्त्र ने अपने विषय की महत्ता के साथ-साथ महाविद्यालय के अनुशासन हेतु नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु छात्राओं को निर्देश दिया ताकि महाविद्यालय में एक व्यवस्थित, अनुशासित, सुरक्षित और प्रभावी शैक्षणिक वातावरण बना रहे। उन्होंने कहा कि आत्म-नियंत्रण द्वारा छात्राएं अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती हैं। इसमें निर्धारित यूनिफार्म पहनना, परिचय-पत्र सदैव अपने साथ रखना और कॉलेज की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाना जैसे नियम शामिल हैं। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने सड़क सुरक्षा, छात्रवृति, वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। रसायन विज्ञान प्रभारी डॉ. सीमा यादव ने वर्तमान में रसायन विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना, परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही मिशन शक्ति के बारे में छात्राओं को विधिवत जानकारी दी। इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रवीन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि यह विषय सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में ही नहीं, अपितु प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी बहुत उपयोगी है। इसके साथ ही महाविद्यालय के अनुशासन व छात्राओं की समस्याओं के निदान के संबंध में विस्तृत चर्चा की। भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ महेंद्र यादव ने भौतिक विज्ञान विषय के साथ ही विज्ञान की दैनिक जीवन में उपयोगिता तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में उसके महत्व के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया। प्रोफेसर अरुण कांत गौतम, प्रोफेसर वाणिज्य ने वाणिज्य विषय के महत्व की चर्चा की। डॉ. भानु प्रताप राय, असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान ने विषय की महत्ता को बताते हुए कहा कि राजनीति विज्ञान विषय का महत्व दैनिक जीवन के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बहुत अधिक है। अध्यापन के क्षेत्र में भी यह विषय काफी कारगर है। महाविद्यालय की गृह विज्ञान की प्रभारी डॉ संगीता ने अपने विषय गृह विज्ञान की जानकारी छात्राओं को दी और महिला प्रकोष्ठ के बारे में विधिवत चर्चा की। इस अवसर पर निष्ठा मिश्रा, प्रिया मोदनवाल, मणिका विश्वकर्मा, सृष्टि दास आदि छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ नंदन सिंह, डॉ वालेन्तिना प्रिया, डॉ सतीश उपाध्याय, डॉ. अनूप पांडेय, विद्याधर मिश्र, सीता पांडेय, डॉ सुनीता सिंह व महाविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

दिनाँक : 21/09/2025 खरी कसौटी

# महिला महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

खरी कसौटी ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, में दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक प्रोफ़ेसर शेफाली सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बी.ए. एवं बी.एस-सी. की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किये। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफ़ेसर शेफाली सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं को दीक्षारम्भ कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं



तथा भविष्य में कठिन परिश्रम करके सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। यह महाविद्यालय अकादमिक और करियर के विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि यहाँ छात्राओं की प्रतिभा को परखने के साथ-साथ उनमें आलोचनात्मक सोच, समय प्रबंधन और समस्या-समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित किये जाते है। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषय एवं प्रभारों के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। महाविद्यालय के मुख्य शास्ता डॉ अरविंद कुमार वर्मा, प्रोफेसर - समाजशास्त्र ने अपने विषय की महत्ता के साथ-साथ महाविद्यालय के अनुशासन हेतु नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु छात्राओं को निर्देश दिया ताकि महाविद्यालय में एक व्यवस्थित, अनुशासित, सुरक्षित और प्रभावी शैक्षणिक वातावरण बना रहे। उन्होंने कहा कि आत्म-नियंत्रण द्वारा छात्राएं अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती हैं। इसमें निर्धारित यूनिफार्म पहनना, परिचय-पत्र सदैव अपने साथ रखना और कॉलेज की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाना जैसे नियम शामिल हैं। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने सड़क सुरक्षा, छात्रवृत्ति, वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। रसायन विज्ञान प्रभारी डॉ. सीमा यादव ने वर्तमान में रसायन विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना, परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही मिशन शक्ति के बारे में छात्राओं को विधिवत जानकारी दी।

दिनाँक : 30/08/2025 लोक भारती न्यूज ब्यूरो

21 सितम्बर, 2025

# रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर शनिवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य व संरक्षक प्रोफेसर शेफाली सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बी.ए. एवं बी.एस-सी. की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किये। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं को दीक्षारम्भ कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में कठिन परिश्रम करके सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। यह महाविद्यालय अकादमिक और करियर के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहाँ छात्राओं की प्रतिभा को परखने के साथ-साथ उनमें आलोचनात्मक सोच, समय प्रबंधन और समस्या-समाधान जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित किये जाते है।

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने अपने-अपने विषय एवं प्रभारों के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। महाविद्यालय के मुख्य शास्ता डॉ अरविंद कुमार वर्मा, प्रोफेसर - समाजशास्त्र ने अपने विषय की महत्ता के साथ-साथ महाविद्यालय के अनुशासन हेतु नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु छात्राओं को निर्देश दिया ताकि महाविद्यालय में एक व्यवस्थित, अनुशासित, सुरक्षित और प्रभावी शैक्षणिक वातावरण बना रहे। उन्होंने कहा कि आत्म-नियंत्रण द्वारा छात्राएं अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती है। इसमें निर्धारित यूनिफार्म पहनना, परिचय-पत्र सदैव अपने साथ रखना और कॉलेज की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाना जैसे नियम शामिल है।



महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने सड़क सुरक्षा, छात्रवृत्ति, वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। रसायन विज्ञान प्रभारी डॉ. सीमा यादव ने वर्तमान में रसायन विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना, परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही मिशन शक्ति के बारे में छात्राओं को विधिवत जानकारी दी । इतिहास के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रवीन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि यह विषय सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में ही नहीं, अपितु प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी बहुत उपयोगी है। इसके साथ ही महाविद्यालय के अनुशासन व छात्राओं की समस्याओं के निदान के संबंध में विस्तृत चर्चा की। भौतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ महेंद्र यादव ने भौतिक विज्ञान विषय के साथ ही विज्ञान की दैनिक जीवन में उपयोगिता तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में उसके महत्व के बारे में भी छात्राओं को अवगत कराया । प्रोफेसर अरुण कांत गौतम, प्रोफेसर वाणिज्य ने वाणिज्य विषय के महत्व की चर्चा की। डॉ. भानु प्रताप राय, असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान ने विषय की महत्ता को बताते हुए कहा कि राजनीति विज्ञान विषय का महत्व दैनिक जीवन के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में भी बहुत अधिक है। अध्यापन के क्षेत्र में भी यह विषय काफी कारगर है। महाविद्यालय की गृह विज्ञान की प्रभारी डॉ संगीता ने अपने विषय गृह विज्ञान की जानकारी छात्राओं को दी और महिला प्रकोष्ठ के बारे में विधिवत चर्चा की। इस अवसर पर निष्ठा मिश्रा, प्रिया मोदनवाल, मणिका विश्वकर्मा, सृष्टि दास आदि छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी । इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ नंदन सिंह, डॉ वालेन्तिना प्रिया, डॉ सतीश उपाध्याय, डॉ. अनूप पांडेय, विद्याधर मिश्र, सीता पांडेय, डॉ सुनीता सिंह व महाविद्यालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

दिनाँक : 22/09/2025 दैनिक जागरण

# महिलाओं को दिया सेहतमंद रहने का सबक

संसू, जागरण, अंबेडकरनगर : रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह के तत्वावधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य शेफाली सिंह के नेतृत्व में अफजलपुर में महिला जागरूकता एवं पोषण कार्यक्रम में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निवारण, खान-पान को बताया गया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

गृह विज्ञान विभाग प्रभारी डा. संगीता ने महिलाओं को संतुलित आहार एवं हमारा स्वास्थ्य विषय पर स्वास्थ्य एवं खान-पान, रहन-सहन पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गृह विज्ञान की छात्राओं ने भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। छात्रा सलमा बानो ने हार्मोन की समस्याओं के बारे में बताया।



अफजलपुर गांव में महिलाओं को जागरूक करतीं महाविद्यालय अकबरपुर की छात्राएं • जागरण

अंशिका ने महिलाओं को मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के बारे में बताया, संध्या, श्वेता सिंह ने पोस्टर से संतुलित आहार की जानकारी दी। आहार-योजना में शैशवावस्था से वृद्धावस्था के अनुसार पौष्टिक तत्वों की जानकारी दी।

शारीरिक बदलाव तथा हार्मोन के कारण समस्याओं एवं बीमारियों को रहन-सहन, योग एवं खान-पान से काफी हद तक रोकने को बताया। बढ़ते बच्चों की वृद्धि को आवश्यक पोषक तत्व, नवजात शिशु एवं दो वर्ष के बच्चों के उत्तम पोषण में पोषण थाली का प्रदर्शन किया। छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन और बनाने की विधि भी बताई। रोज आहार में शामिल करने को कहा। सीता पांडेय ने विटामिन, खनिज लवण, पर्याप्त मात्रा में जल सेवन की जानकारी दी। प्रो.अरविंद वर्मा, अरुणकांत गौतम, डा. नंदन सिंह, डा. सुनीता सिंह, डा. सीमा यादव, डा. सतीश उपाध्याय, डा. भानुप्रताप राय, डा.वालेतिना प्रिया तथा कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, डा. रवींद्र वर्मा, कुंवर संजय भारती, विधाधर मिश्र, अवधेश नंदिनी उपस्थित रहे।

दिनाँक : 22/09/2025 हिन्दुस्तान

# दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ

**अम्बेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर में दीक्षारंभ कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने शुभारंभ किया। बीए एवं बीएससी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने छात्राओं को कठिन परिश्रम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य शास्ता डॉ अरविंद कुमार वर्मा ने समाज शास्त्र विषय की महत्ता के साथ महाविद्यालय के अनुशासन के नियमों और निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया।

दिनाँक : 23/12/2025 अमर उजाला

लखनऊ | मंगलवार • 23.12.2025

अमर उजाला 3

amarujala.com/lucknow

# भाषण में अंशिका व निबंध में अनन्या ने मारी बाजी



सोमवार को मुख्य अतिथि को सम्मानित करते प्रवक्ता। कॉलेज प्रबंधन

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबेडकरनगर।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन स्पर्धाओं में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं के परिणामों में भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत अंशिका ने प्रथम, निधि ने द्वितीय और रवि किशन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में अनन्या प्रथम, इंशा द्वितीय और अवनीश पटेल तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, एकल काव्य पाठ में कलश द्विवेदी ने प्रथम, प्रवृति पाठक ने द्वितीय और दीपेंद्र उपाध्याय ने तृतीय स्थान अर्जित कर अपनी काव्य प्रतिभा का परिचय दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवेक पटेल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. शेफाली सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, ताकि नागरिक सरकारी सेवाओं के प्रति जागरूक हो सकें।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में हरेंद्र प्रताप यादव उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका डॉ. विद्याधर मिश्र, पुष्पा वर्मा, डॉ. भानु प्रताप राय, डॉ. सतीश कुमार उपस्थित रहे।

दिनाँक : 23/12/2025 खरी कसौटी

# महाविद्यालय में मनाई गयी पूर्व पीएम अटल बिहारी की जयन्ती

खरी कसौटी ब्यूरो



अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अकबरपुर, में 'भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी' के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जनपदस्तरीय विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक पटेल ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में कुल तीन श्रेणियों-भाषण, एकल काव्यपाठ एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की यशस्वी प्राचार्य प्रोफ़ेसर शेफाली सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ ॰ अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि सुशासन सप्ताह भारत में हर साल 19-25 दिसंबर के मध्य पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक-केंद्रित प्रशासन को बढ़ावा देना और नागरिकों को सरकारी सेवाओं से अवगत कराना है। यह दिन सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह सभी नागरिकों तक विकास के लाभ पहुंचाए और बेहतर शासन के सिद्धांतों को प्रोत्साहित करे। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हरेंद्र प्रताप यादव प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज अकबरपुर, अंबेडकरनगर ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के शासन के क्षेत्र में योगदान की चर्चा की। प्रतियोगिता का परिणाम में प्रथम स्थान- अंशिका पांडेय, रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर ,द्वितीय स्थान - निधि, बी.एन.के.वी पी.जी कॉलेज अकबरपुर, तृतीय स्थान- रवि किशन, भानमती स्मारक महाविद्यालय अकबरपुर अंबेडकर नगर प्रथम स्थान - अनन्या पाण्डेय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, जलालपुर, अम्बेडकर नगर, द्वितीय स्थान- इंशा, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, टांडा, तृतीय स्थान- अवनीश पटेल, किसान इंटर कॉलेज बिहरोजपुर, अंबेडकर नगर ,प्रथम स्थान- कलश द्विवेदी, रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर, अंबेडकर नगर,द्वितीय स्थान-प्रवृत्ति पाठक, बी.एन.के.वी पी.जी कॉलेज अकबरपुर, अंबेडकर नगर ,तृतीय स्थान- दीपेंद्र उपाध्याय, जय बजरंग इंटर कॉलेज, रामनगर अम्बेडकर नगर, निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में, डॉ विद्याधर मिश्र, पुष्पा वर्मा एवं मीरा यादव तथा भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ भानु प्रताप राय, श्री हरेंद्र यादव एवं डॉ सत्येंद्र कुमार यादव तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ सतीश कुमार उपाध्याय, डॉ तारा वर्मा और डॉ सत्येंद्र कुमार यादव ने अपनी भूमिका निभाई।

दिनाँक : 23/12/2025 अवधी खबर

# अटल जयंती पर रमाबाई महाविद्यालय में जनपदस्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन





**अवधी खबर संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर जनपदस्तरीय विविध प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक पटेल ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाषण, निबंध एवं एकल काव्यपाठ तीन श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों व विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने कहा कि सुशासन सप्ताह प्रत्येक वर्ष 19 से 25 दिसंबर तक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नागरिक–केंद्रित प्रशासन को बढ़ावा देना तथा आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन और विचार आज भी सुशासन की प्रेरणा देते हैं।

अंबेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर अंबेडकरनगर का 27 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि आशीर्वाद मेडिकल सेंटर, अकबरपुर के डायरेक्टर व जाने-माने मनोचिकित्सक डॉ जेके वर्मा व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद वर्मा ने स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया। महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण



कुमार विश्वकर्मा ने माल्यार्पण कर प्राचार्य का स्वागत किया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए महाविद्यालय की छात्राओं निष्ठा एवं शिवानी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके साथ ही महाविद्यालय की विभिन्न समितियों ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मुख्य शास्ता डॉ. नंदन सिंह एवं शास्ता मंडल के सभी सदस्यों ने अनुशासन व्यवस्था में कीर्तिमान स्थापित किया। क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जेके वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलना जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। खेल हमें जीतना तो सिखाते हैं साथ ही हमें हारना और हार को शालीनता से स्वीकार करना और उसे एक सीख के रूप में लेना भी सिखाते हैं। खेल महज शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन, टीमवर्क, धैर्य, नेतृत्व और लचीलापन विकसित करने का भी एक साधन है, जो हमें जीवन की असफलताओं का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। खेल के बारे में सबसे जरूरी बात यह है कि जब आप हारें तो अपने बारे में नकारात्मक न सोचें। उस हार को अपनी प्रेरणा बनाएं और बेहतर बनने की कोशिश करें। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में खेलों का जीवन में महत्व पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। पहले दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -संजू चौहान, द्वितीय स्थान - अंकिता वर्मा, तृतीय स्थान- मरियम, 200मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -संजू चौहान ल, द्वितीय स्थान - सलमा बानो , तृतीय स्थान- अंकिता वर्मा, भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - पल्लवी उपाध्याय, द्वितीय स्थान - अंशिका उपाध्याय, तृतीय- स्थान - सोनाक्षी, डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- अर्चना, द्वितीय स्थान- संजू चौहान, तृतीय स्थान- सलमा बानो ने प्राप्त किया। डॉ. सुनीता सिंह ने कार्यक्रम का गौरवपूर्ण संचालन किया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के मुख्य शास्ता डॉ. नंदन सिंह, डॉ. सीमा यादव, प्रोफेसर अरूण कांत गौतम, डॉ. वालेन्तिना प्रिया, डॉ. संगीता, सीता पांडेय, विद्याधर मिश्र, डॉ. अस्तुति वर्मा , डॉ. रवीन्द्र वर्मा, डॉ. अनूप पांडेय, डॉ. सतीश उपाध्याय, डॉ. भानु प्रताप राय, कुंवर संजय भारती व महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी तथा छात्राएं उपस्थित रहीं ।

दिनाँक : 12/02/2026 संवाद न्यूज

# 27वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में 27वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि मनोचिकित्सक डॉ. जेके वर्मा व प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गान प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है, लेकिन हार को भी स्वीकार करना होगा। प्राचार्य ने कहा कि खेलों को स्वस्थ शरीर और मस्तिष्क के विकास के लिए अनिवार्य बताया। डॉ. सुनीता सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस दौरान डॉ. नंदन सिंह, डॉ. सीमा यादव, प्रो. अरूण कांत गौतम, डॉ. वालेतिंना प्रिया, डॉ. संगीता, सीता पांडेय, विद्याधर मिश्र, डॉ. अस्तुति वर्मा, डॉ रवींद्र वर्मा, डॉ अनूप पांडेय, डॉ. सतीश उपाध्याय, डॉ. भानु प्रताप राय, कुंवर संजय भारती व अन्य मौजूद रहे।

**प्रतियोगिता का परिणाम :** खेलकूद प्रतियोगिताओं में संजू चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर दौड़ और 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अंकिता वर्मा दूसरे और मरियम तीसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में भी संजू चौहान ने अपना जलवा बिखेरा, सलमा बानो दूसरे और अंकिता वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं। भाला फेंक प्रतियोगिता में पल्लवी उपाध्याय ने पहला, अंशिका उपाध्याय को दूसरा स्थान मिला।

city sports

## न्यू ताज कप क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन
## जमशेद इलेवन बनी विजता

**अंबेडकरनगर।** नगर पंचायत किछौछा में चार दिवसीय न्यू ताज कप क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बुधवार को फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। पहला सेमीफाइनल सना रेस्टोरेंट और इसरार इलेवन के बीच खेला गया। इसरार इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। सना रेस्टोरेंट ने 8 ओवर में 3 विकेट पर 146 रन बनाए। जवाब में इसरार इलेवन 8 ओवर में 4 विकेट पर 113 रन ही बना सकी। दूसरा सेमीफाइनल जमशेद इलेवन और अतरौलिया के बीच हुआ। अतरौलिया ने पहले गेंदबाजी चुनी। जमशेद इलेवन ने 8 ओवर में 4 विकेट पर 129 रन बनाए। अतरौलिया की टीम 8 ओवर में 4 विकेट पर 117 रन तक पहुंच सकी। जमशेद इलेवन ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में सना रेस्टोरेंट बसखारी ने पहले बल्लेबाजी की, लेकिन 8 ओवर में 4 विकेट पर 88 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए जमशेद इलेवन ने 5 ओवर में 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। सूरज सहनी को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। आईपीएल खिलाड़ी कामरान खान को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि डॉ. शरद यादव और जावेद राईन ने ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए। (संवाद)

दिनाँक : 12/02/2026 लोक भारती



# रमाबाई राजकीय महाविद्यालय का 27वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह आयोजित

लोक भारती न्यूज़ ब्यूरो



अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर का 27 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ 11 फ़रवरी 2026 को रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ।इस समारोह के मुख्य अतिथि आशीर्वाद मेडिकल सेंटर,अकबरपुर अम्बेडकर नगर के डायरेक्टर व जाने-माने मनोचिकित्सक डॉ जे. के. वर्मा व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा ने माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद वर्मा ने स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया।महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने माल्यार्पण कर प्राचार्य का स्वागत किया।कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए महाविद्यालय की छात्राओं निष्ठा एवं शिवानी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।इसके साथ ही महाविद्यालय की विभिन्न समितियों ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मुख्य शास्ता डॉ नंदन सिंह एवं शास्ता मंडल के सभी सदस्यों ने अनुशासन व्यवस्था में कीर्तिमान स्थापित किया। क्रीडा प्रभारी श्री कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. जे.के. वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेलना जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। खेल हमें जीतना तो सिखाते हैं साथ ही हमें हारना और हार को शालीनता से स्वीकार करना और उसे एक सीख के रूप में लेना भी सिखाते हैं। खेल महज़ शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन, टीमवर्क, धैर्य, नेतृत्व और लचीलापन विकसित करने का भी एक साधन है, जो हमें जीवन की असफलताओं का सामना करने के लिए तैयार करते हैं । खेल के बारे में सबसे ज़रूरी बात यह है कि जब आप हारें तो अपने बारे में नकारात्मक न सोचें। उस हार को अपनी प्रेरणा बनाएं और बेहतर बनने की कोशिश करें।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में खेलों का जीवन में महत्व पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। खेल कई प्रकार के होते हैं, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव को स्थिति होती है। खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को सुधारने का अद्वितीय माध्यम है। जब हम खेल खेलते हैं, तो हमारे शरीर की कसरत होती है, हमारी हड्डियों, मांसपेशियों और लिगामेन्ट की मजबूती बढ़ती है और हम तंदुरुस्त और मजबूत बनते हैं। स्वस्थ शरीर के विभिन्न उप[illegible] बताते [illegible] सार [illegible] आशीर्व[illegible]। आयोजित [illegible] मे[illegible] मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्र[illegible] स्थान -संजू चौहान, द्वितीय स्थान - अंकिता वर्मा, तृतीय स्थान- मरियम, 200मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -संजू चौहान ल, द्वितीय स्थान - सलमा बानो , तृतीय स्थान- अंकिता वर्मा, भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - पल्लवी उपाध्याय, द्वितीय स्थान - अंशिका उपाध्याय, तृतीय- स्थान - सोनाक्षी, डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- अर्चना, द्वितीय स्थान- संजू चौहान, तृतीय स्थान- सलमा बानो ने प्राप्त किया। डॉ. सुनीता सिंह ने कार्यक्रम का गौरवपूर्ण संचालन किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के मुख्य शास्ता डॉ. नंदन सिंह, डॉ सीमा यादव, प्रोफेसर अरूण कांत गौतम, डॉ वालेन्तिना प्रिया, डॉ संगीता, सीता पाण्डेय, विद्याधर मिश्र, डॉ अस्तुति वर्मा , डॉ रवीन्द्र वर्मा, डॉ अनूप पाण्डेय, डॉ. सतीश उपाध्याय, डॉ भानु प्रताप राय, कुंवर संजय भारती व महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी तथा छात्राएं उपस्थित रहीं ।

दिनाँक : 13/02/2026 हिन्दुस्तान

हिन्दुस्तान

# कॉलेज के क्रीड़ा समारोह में संजू चैंपियन बनी

**प्रतियोगिता**

अम्बेडकरनगर, संवाददाता। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय अकबरपुर के 27वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का गुरुवार को समापन हुआ। दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह के समापन पर प्राचार्य ने स्वस्थ जीवन के लिए खेलकूद के महत्व बताया। खेलों में कुमारी संजू चौहान अव्वल रहीं।

प्राचार्य ने कि कहा खेल न केवल तन को पुष्ट बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क, आत्मविश्वास और हार-जीत को सकारात्मक रूप से स्वीकार करने की क्षमता विकसित करते हैं। कहा नियमित खेलकूद से तनाव कम होता है। क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया। वार्षिक कीड़ा के चैंपियनशिप का खिताब संजू चौहान ने प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में संजू चौहान ने प्रथम स्थान, मरियम सिद्दिकी ने द्वितीय स्थान तथा अंकिता वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चार गुने 100 मीटर की रिले दौड़ में संजू चौहान, सलमा बानो, मरियम सिद्दीकी, जूही की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में पल्लवी उपाध्याय की टीम विजेता रही। जबकि अंशिका पाण्डेय की टीम उपविजेता रही। रस्साकसी प्रतियोगिता में सोनालिका की टीम विजेता और पल्लवी उपाध्याय की टीम उप विजेता रही।

इसी कड़ी में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में पल्लवी उपाध्याय को प्रथम स्थान, खुशबू को द्वितीय स्थान और सलोनी चौरसिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। संचालन विद्याधर मिश्र ने किया। मुख्य शास्ता डॉ नंदन सिंह, डॉ संगीता, डॉ सीमा यादव, डॉ अस्तुति वर्मा, सीता पाण्डेय, डॉ रवीन्द्र वर्मा, डॉ वालेन्तिना प्रिया, डॉ सतीश उपाध्याय, डॉ भानु प्रताप राय, डॉ अनूप पाण्डेय, कुंवर संजय भारती, डॉ सीमा यादव तथा छात्राएं मौजूद रहीं।



रमाबाई पीजी कालेज में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि

## कॉमिक बुक निर्माण में छात्रों ने कागज पर उतारी भावना

अम्बेडकरनगर। गुरुवार को जनपद स्तरीय प्रगति- 2026 का कार्यक्रम बेसिक शिक्षा कार्यालय में हुआ। स्वाभिमान और सफलता की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ नदीम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश पटेल के साथ किया, जिसमें ब्लॉकों से आए 30 छात्र प्रतिभागियों ने मेरे बदलाव की कहानी को अपने शब्दों में आत्मविश्वास से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों का चयन उनसे प्राप्त वीडियो से किया गया था।

अन्य 30 बच्चों का चयन कॉमिक बुक निर्माण प्रतियोगिता के लिए बनाई गई कॉमिक्स से हुआ। बच्चों ने ज्वलंत विषयों पर कॉमिक बुक बनाकर अपनी भावना को उकेरा। कार्यक्रम में जिला समन्वयक बालिका शिक्षा सत्य प्रकाश मौर्य, जिला नोडल संगीता कनौजिया, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह, उपेंद्र सिंह, ऋषभ सिंह, रवि प्रकाश चौधरी आदि रहे।

दिनाँक : 13/02/2026 दैनिक जागरण

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में संजू चौहान बनीं चैंपियन

## रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 27वें क्रीड़ा समारोह का समापन

संसू, जागरण • अंबेडकरनगर : रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 27वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन हुआ। संजू चौहान ने चैंपियनशिप का खिताब प्राप्त किया।

वार्षिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन आयोजित 400 मीटर दौड़ में संजू चौहान ने प्रथम स्थान, मरियम सिद्दिकी द्वितीय, अंकिता वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले दौड़ में संजू चौहान, सलमा बानो, मरियम सिद्दीकी व जूही की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में पल्लवी उपाध्याय की टीम विजेता व अंशिका पांडेय की उपविजेता रही। रस्साकशी में सोनालिका की टीम विजेता, जबकि पल्लवी उपाध्याय की उपविजेता रही।

म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में पल्लवी उपाध्याय को प्रथम, खुशबू द्वितीय और सलोनी चौरसिया को, तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, पहले दिन की 100 मीटर दौड़ में संजू चौहान प्रथम, अंकिता वर्मा द्वितीय, मरियम ने तृतीय, 200 मीटर दौड़ में संजू चौहान प्रथम, सलमा बानो द्वितीय, अंकिता वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में पल्लवी उपाध्याय पहले, अंशिका उपाध्याय दूसरे, सोनाक्षी तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस-थ्रो में अर्चना प्रथम, संजू चौहान द्वितीय, सलमा बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वार्षिक क्रीड़ा समारोह के समापन अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन विद्याधर मिश्र ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया। छात्रा निष्ठा एवं शिवानी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। डा. सुनीता सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। डा. नंदन सिंह, डा. सीमा यादव, प्रोफेसर अरुणकांत गौतम, डा. वालेन्तिना प्रिया, डा. संगीता, सीता पांडेय, विद्याधर मिश्र, डा. अस्तुति वर्मा, डा. रवींद्र वर्मा, डा. अनूप पांडेय, डा. सतीश उपाध्याय, डा. भानु प्रताप राय, कुंवर संजय भारती उपस्थित रहे।





रस्साकशी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं व बसखारी में ट्राफी और प्रतीकात्मक चेक देते शरद यादव तथा जावेद राईन • जागरण

### जमशेद इलेवन की टीम बनी विजेता

किछौछा : कस्बे में चल रही न्यू ताज कप क्रिकेट प्रतियोगिता में जमशेद इलेवन ने जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला जमशेद इलेवन और सना रेस्टोरेंट बसखारी के बीच खेला गया। सना रेस्टोरेंट के कप्तान ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की। कामरान खान की कसी गेंदबाजी के चलते टीम आठ ओवर में चार विकेट खोकर 88 रन ही बना सकी। जवाब में जमशेद इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र पांच ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डा. शरद यादव एवं जावेद राइन ने पुरस्कार व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार सूरज सहनी को दिया गया। पूर्व आइपीएल क्रिकेटर कामरान खान को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक जुटे रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। नदीम खान, जहांगीर अशरफ, नफीस अहमद, राजमन भारती, उस्मान अंसारी, फैज खान, मुन्ना मलिक, आसिफ प्रधान, मक्की शुभहानी, शारिक मलिक और इरशाद मलिक मौजूद रहे।

### सुपर ओवर में अतरौलिया की टीम बनी विजेता

मालीपुर : न्यौरी बाजार के मैदान पर खेली जा रही प्रीमियर लीग का पहला क्वार्टर फाइनल मैच साहुल इलेवन अतरौलिया और मालीपुर टीम के बीच खेला गया। टास जीत कर साहुल इलेवन अतरौलिया के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम ने 15 ओवर में 163 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे मालीपुर के बल्लेबाजों ने 15 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाए और स्कोर बराबर कर दिया। जीत का निर्णय सुपर ओवर में किया गया। सुपर ओवर में मालीपुर के बल्लेबाजों ने छह बाल पर 10 रन बनाए। जवाब में साहुल इलेवन अतरौलिया के बल्लेबाजों ने चार गेंद पर 11 रन बना मैच जीत लिया। मोहम्मद फारुकी, महफूज फारुकी, आफताब आलम और कामिल काजी व्यवस्था में जुटे रहे। लुकमान फारुकी और मंदीप ने स्कोरर की भूमिका में रहे।

दिनाँक : 13/02/2026 तमसा संकेत

दैनिक
तमसा संकेत
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

**आयोजन : संजू चौहान बनीं चैंपियन, विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाया दमखम**

# रमाबाई महिला पीजी कॉलेज का 27वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह संपन्न



तमसा संकेत, संवाददाता

अकबरपुर (अम्बेडकरनगर)। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित 27वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का गुरुवार को समापन हो गया। दो दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि खेलकूद केवल शारीरिक मजबूती का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम वर्क, आत्मविश्वास



और सकारात्मक सोच विकसित करने का सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि नियमित खेल गतिविधियों से तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मानसिक संतुलन मजबूत होता है। खेल जीवन में हार और जीत को समान भाव से स्वीकार करने की क्षमता भी विकसित करते हैं। क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने प्राचार्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया। 4×100 मीटर रिले दौड़ में संजू चौहान, सलमा बानो, मरियम सिद्दिकी और जूही की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम तालमेल और गति का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। समापन अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार विश्वकर्मा ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विद्याधर मिश्र ने किया।

### संजू चौहान ने जीती चैंपियनशिप

27वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह में कुमारी संजू चौहान ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन आयोजित 400 मीटर दौड़ में संजू चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मरियम सिद्दिकी द्वितीय तथा अंकिता वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं।

> म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में पल्लवी उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशबू द्वितीय और सलोनी चौरसिया तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

### कबड्डी और रस्सा-कसी में रोमांचक मुकाबले

कबड्डी प्रतियोगिता में पल्लवी उपाध्याय की टीम विजेता रही, जबकि अंशिका पाण्डेय की टीम उपविजेता घोषित की गई। मुकाबले के दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। रस्सा-कसी प्रतियोगिता में सोनालिका की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। पल्लवी उपाध्याय की टीम को उपविजेता स्थान मिला। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का उत्साह और सामूहिक प्रयास आकर्षण का केंद्र रहा।

दिनाँक : 28/02/2026 हिन्दुस्तान

# मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को 27वां वार्षिकोत्सव पुरस्कार वितरण समारोह और शिक्षक-अभिभावक समागम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने किया। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य अतिथि ने कहा कि महाविद्यालय ने जिस प्रकार से शिक्षा और अनुशासन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है, वह सराहनीय है। प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि रामनाथ रामजी का स्वागत डॉ. रवींद्र कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा यादव व डॉ. सुनीता सिंह ने किया। प्रो. अरुणकांत गौतम, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. संगीता, सीता पांडेय, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, डॉ. रवींद्र वर्मा, डॉ. वालेंतिना प्रिया, डॉ. सतीश उपाध्याय, विद्याधर मिश्र, डॉ. अस्तुति वर्मा, डॉ. भानु प्रताप राय मौजूद रहे। (संवाद)

दिनाँक : 28/02/2026 दैनिक जागरण

... के सदस्य उपस्थित रहे।

# महिला महाविद्यालय का 27वाँ वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया आयोजन

अम्बेडकर नगर अकबरपुर । रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, अकबरपुर, में महाविद्यालय का 27वाँ वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह एवं शिक्षक-अभिभावक समागम धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। सर्वप्रथम आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ हरिओम पाण्डेय, सदस्य विधानपरिषद, अयोध्या ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदुपरान्त महाविद्यालय के प्राचार्य व संरक्षक प्रो. अरविंद कुमार वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्रम व स्मृतिचिन्ह प्रदान कर किया गया । साथ ही आज के विशिष्ट अतिथि रामनाथ राम को डॉ रवीद्र कुमार वर्मा द्वारा पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया । महाविद्यालय की छात्राओं अंशिका मिश्रा व अंजली भट्ट ने मंत्रमुग्ध करने वाले नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। समूह नृत्य में महाविद्यालय की छात्राओं ने होली गीत के माध्यम से अतिथियों के सम्मुख मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। उत्सव के केंद्र में छात्राओं द्वारा द्वारा 'सांस्कृतिक रश्मियाँ' प्रस्तुत की गई, जिसमें पौराणिक गाथाओं से लेकर आधुनिक भारत की प्रगति तक को 'नृत्य-नाटिका' के माध्यम से जीवंत किया गया। विशेष रूप से 'मेधावी अलंकरण सत्र' में शैक्षणिक सत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाली छात्राओं को विधानपरिषद सदस्य द्वारा स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।पूरे सत्र महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित परिषदीय प्रतियोगताओं के पुरस्कार भी वितरित किए गये, जिसे पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति की विशेषताओं और हमारे जीवन मूल्यों को दर्शाते हुए कई कार्यक्रम जैसे नृत्य, गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किए गए । मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम पांडेय का संबोधन न केवल छात्राओं को राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित करेगा, बल्कि शिक्षा और संस्कारों के समन्वय पर भी प्रकाश डालेगा। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ हरिओम पाण्डेय जी ने छात्र और शिक्षक के अन्तःसम्बन्धों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मैं विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूँ और आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। मुख्य अतिथि ने प्रतिभाशाली छात्राओं को चहुँमुखी उन्नति की दिशा में बढ़ने की प्रेरणा दी।इस महाविद्यालय ने जिस प्रकार से शिक्षा और अनुशासन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है, वह सराहनीय है। यहाँ के बच्चों का उत्साह देखकर मुझे विश्वास है कि हमारा देश सुरक्षित और सक्षम हाथों में है।साथ ही उन्होंने कहा कि आत्मज्ञान और आत्मबल से व्यक्ति, समाज और राष्ट्र का विकास संभव है।

दिनाँक : 28/02/2026 अवधी खबर

# 27 वें वार्षिकोत्सव में दिखी प्रतिभा की चमक, मेधावी छात्राएं हुईं सम्मानित

**अवधी खबर संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, अकबरपुर में 27 वाँ वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह एवं शिक्षक अभिभावक समागम 27 फरवरी 2026 को हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ हरिओम पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद, अयोध्या द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि रामनाथ राम का स्वागत डॉ. रवीन्द्र कुमार वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में छात्राओं अंशिका मिश्रा व अंजली भट्ट ने मनमोहक नृत्य व गीत प्रस्तुत किए। समूह नृत्य में होली गीत के माध्यम से छात्राओं ने सांस्कृतिक छटा बिखेरी। 'सांस्कृतिक रश्मियाँ' शीर्षक प्रस्तुति में पौराणिक गाथाओं से लेकर आधुनिक भारत की प्रगति तक को नृत्य–नाटिका के माध्यम से जीवंत किया गया।



मेधावी अलंकरण सत्र' के दौरान शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि के हाथों स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम पाण्डेय ने छात्र–शिक्षक संबंधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कारों का समन्वय ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने छात्राओं को आत्मज्ञान और आत्मबल के साथ चहुँमुखी विकास की दिशा में अग्रसर होने का संदेश दिया तथा महाविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की। प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार वर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शिक्षा मनुष्य के सर्वांगीण विकास का आधार है और जीवन में सफलता के लिए अनिवार्य है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा यादव ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनीता सिंह ने प्रस्तुत किया। समारोह में मुख्य शास्ता प्रो. अरुण कांत गौतम, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. संगीता, सीता पाण्डेय, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, डॉ. रवीन्द्र वर्मा, डॉ. वालेन्तिना प्रिया, डॉ. सतीश उपाध्याय, विद्याधर मिश्र, डॉ. अस्तुति वर्मा, डॉ. भानु प्रताप राय, कुंवर संजय भारती, डॉ. अनूप पाण्डेय, डॉ. महेन्द्र यादव सहित समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी, अभिभावक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम सोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

दिनाँक : 28/02/2026 अमर उजाला

# वार्षिकोत्सव में मेडल मिलने से छात्राएं उत्साहित

**अम्बेडकरनगर, संवाददाता।** नगर के रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को 27वें वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। साथ ही शिक्षक अभिभावक समागम हुआ।

मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडेय रहे। उनका स्वागत प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार वर्मा ने किया। विशिष्ट अतिथि रामनाथ राम को डॉ रवीन्द्र कुमार वर्मा ने स्मृति चिन्ह दिया। छात्रा अंशिका मिश्रा व अंजली भट्ट ने नृत्य और गीत प्रस्तुत किया। समूह नृत्य में छात्राओं ने होली गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक रश्मियां प्रस्तुत की, जिसमें पौराणिक गाथा से लेकर आधुनिक भारत की प्रगति तक को नृत्य-नाटिका से जीवंत किया। विशेष रूप से मेधावी अलंकरण में और शैक्षणिक सत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाली छात्राओं को विधान परिषद सदस्य ने स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही पूरे सत्र के विभिन्न विभागों की परिषदीय प्रतियोगता के भी पुरस्कार वितरित हुए। हरिओम पांडेय ने छात्राओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। संचालन डॉ सीमा यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन समारोहिका डॉ सुनीता सिंह ने किया। वहीं मुख्य शास्ता प्रो. अरुण कांत गौतम, डॉ नंदन सिंह, डॉ संगीता, सीता पाण्डेय, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, डॉ रवीन्द्र वर्मा, डॉ वालेन्तिना प्रिया, डॉ सतीश उपाध्याय, विद्याधर मिश्र, डॉ अस्तुति वर्मा, डॉ भानु प्रताप राय, कुंवर संजय भारती उपस्थित रहे।

दिनाँक : 28/02/2026 आनन्दी मेल

# रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में महा विद्यालय का 27वाँ वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह एवं शिक्षक-अभिभावक समागम

आनंदी मेल ब्यूरो



अम्बेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, अकबरपुर, अम्बेडकर नगर में महाविद्यालय का 27वाँ वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह एवं शिक्षक-अभिभावक समागम दिनांक 27 फरवरी 2026 को धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। सर्वप्रथम आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ हरिओम पाण्डेय, माननीय सदस्य विधानपरिषद, अयोध्या ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदुपरान्त महाविद्यालय के प्राचार्य व संरक्षक प्रो. अरविंद कुमार वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्रम व स्मृतिचिन्ह प्रदान कर किया गया । साथ ही आज के विशिष्ट अतिथि श्री रामनाथ राम जी को डॉ रवीद्र कुमार वर्मा द्वारा पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया । महाविद्यालय की छात्राओं अँशिका मिश्रा व अंजली भट्ट ने मंत्रमुग्ध करने वाले नृत्य और गीत प्रस्तुत किए। समूह नृत्य में महाविद्यालय की छात्राओं ने होली गीत के माध्यम से अतिथियों के सम्मुख मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। उत्सव के केंद्र में छात्राओं द्वारा द्वारा रसांस्कृतिक रश्मियाँ प्रस्तुत की गई, जिसमें पौराणिक गाथाओं से लेकर आधुनिक भारत की प्रगति तक को नृत्य-नाटिका के माध्यम से जीवंत किया गया। विशेष रूप से श्मेधावी अलंकरण सत्र में शैक्षणिक सत्र में कीर्तिमान स्थापित करने वाली छात्राओं को माननीय विधानपरिषद सदस्य जी द्वारा स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।पूरे सत्र महाविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित परिषदीय प्रतियोगताओं के पुरस्कार भी वितरित किए गये, जिसे पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति की विशेषताओं और हमारे जीवन मूल्यों को दर्शाते हुए कई कार्यक्रम जैसे नृत्य, गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि डॉ. हरिओम पांडेय का आज का संबोधन न केवल छात्राओं को राष्ट्र सेवा हेतु प्रेरित करेगा, बल्कि शिक्षा और संस्कारों के समन्वय पर भी प्रकाश डालेगा। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ हरिओम पाण्डेय जी ने छात्र और शिक्षक के अन्तः सम्बन्धों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मैं विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देता हूँ और आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

दिनाँक : 28/02/2026 तमसा संकेत

दैनिक
तमसा संकेत
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

# रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय का 27वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, अकबरपुर में 27वां वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह एवं शिक्षक-अभिभावक समागम शुक्रवार को उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ हरिओम पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद, अयोध्या द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि रामनाथ राम का स्वागत डॉ रवीन्द्र कुमार वर्मा ने किया। समारोह में शिक्षक, अभिभावक और छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को उत्सवमय बना दिया। अंशिका मिश्रा और अंजली भट्ट ने नृत्य और गीत प्रस्तुत कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। समूह नृत्य में छात्राओं ने होली गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी।



'सांस्कृतिक रश्मियां' शीर्षक से प्रस्तुत नृत्य-नाटिका विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसमें पौराणिक कथाओं से लेकर आधुनिक भारत की प्रगति तक की झलक मंच पर दिखाई गई। छात्राओं ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों को गीत, नृत्य और नाट्य रूपांतरण के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

समारोह के दौरान 'मेधावी अलंकरण सत्र' आयोजित किया गया। शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

दिनाँक : 17/04/2026 हिन्दुस्तान

# जागरूकता के लिए पदयात्रा निकाली

**आयोजन**

**अम्बेडकरनगर, संवाददाता।** नगर के रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के समर्थन में व्यापक जन जागरूकता के लिए पदयात्रा निकाली गई।

पदयात्रा का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. अरविन्द कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। छात्राओं ने नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान नारी सम्मान, राष्ट्र का अभिमान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे प्रेरणादायी नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। उनके हाथों में जागरूकता संबंधी तख्तियां एवं बैनर भी थे, जिन पर महिला सशक्तिकरण से जुड़े संदेश अंकित थे। पदयात्रा महाविद्यालय परिसर पहुँच कर समाप्त हुई। प्राचार्य ने कहा कि नारी समाज की मूल आधारशिला है और उनके सशक्तिकरण के बिना राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 को महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।




जागरूकता पदयात्रा में शामिल छात्राएं और शिक्षक।

दिनाँक : 17/05/2026

अमेठी, रविवार, 17 मई, 2026

अंबेडकर

# रमाबाई के प्राध्यापकों ने ग्रामीण अंचलों में फूंका शिक्षा का अलख, छात्राओं को दिया प्रवेश का आमंत्रण

दीपक वर्मा ब्यूरो चीफ

**अकबरपुर (अम्बेडकर नगर):** नारी शिक्षा और सशक्तिकरण के शीर्ष ध्वजवाहक, रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र (2026-27) के प्रवेश अभियान को नया आयाम देते हुए एक वृहद जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार वर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं ऊर्जावान निर्देशन में महाविद्यालय के प्रबुद्ध प्राध्यापकों की टोली ने ज्ञान के प्रकाश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस पावन उद्देश्य के साथ शिक्षकों की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलो विजयगांव, नेवतरिया, ताजनपुर, श्रीनाथ का पुरवा, कोटवा, मोहम्मदपुर, अफजलपुर, सुड़ारी, कुर्की, वरवा नासिरपुर, डैय्याडीह, मुबारकपुर, ग़दाया, मोहिसिनपुर और दाऊदपुर का सघन भ्रमण किया। इस दौरान प्राध्यापकों ने घर-घर जाकर छात्राओं और उनके अभिभावकों से सीधा आत्मीय संवाद स्थापित किया तथा उन्हें उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।इस प्रेरक अभियान के अंतर्गत प्राध्यापकों ने ग्रामीण अंचल की बेटियों को महाविद्यालय की स्वर्णिम उपलब्धियों, आधुनिक डिजिटल ई-लाइब्रेरी, हाई-टेक प्रयोगशालाओं, सुरक्षित वाई-फाई परिसर और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों (बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. व एम.ए.) की विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने इस अभियान की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य हर ग्रामीण मेधा को तराशना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।बताते चले कि यह महाविद्यालय छात्राओं को सुरक्षित, अनुशासित और उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए निरंतर समर्पित है। कॉलेज आधुनिक प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय, योग्य प्राध्यापकों और वाई-फाई युक्त परिसर के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है।महाविद्यालय के इस सराहनीय कदम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है और छात्राएं भारी संख्या में प्रवेश हेतु आवेदन कर रही हैं। इस अभियान के माध्यम से प्राध्यापकों ने इच्छुक छात्राओं से गुणवत्तापूर्ण, अनुशासित और संस्कारयुक्त उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन से संपर्क कर अविलंब अपना स्थान सुरक्षित करने का भी निर्देश दिया







दिनाँक : 17/05/2026 हिन्दुस्तान

# छात्राओं को दिया प्रवेश का आमंत्रण

अम्बेडकर नगर। अकबरपुर नारी शिक्षा और सशक्तिकरण के शीर्ष ध्वजवाहक, रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र (2026-27) के प्रवेश अभियान को नया आयाम देते हुए एक वृहद जनसंपर्क अभियान चलाया गया। यशस्वी प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार वर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं ऊर्जावान निर्देशन में महाविद्यालय के प्रबुद्ध प्राध्यापकों की टोली ने ज्ञान के प्रकाश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस पावन उद्देश्य के साथ शिक्षकों की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों—विजयगांव, नेवतरिया, ताजनपुर, श्रीनाथ का पुरवा, कोटवा, मोहम्मदपुर, अफजलपुर, सुड़ारी, कुर्की, वरवा नासिरपुर, डैय्याडीह, मुबारकपुर, ग़दाया, मोहिसिनपुर और दाऊदपुर का सघन भ्रमण किया। इस दौरान प्राध्यापकों ने घर-घर जाकर छात्राओं और उनके अभिभावकों से सीधा आत्मीय संवाद स्थापित किया तथा उन्हें उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरक अभियान के अंतर्गत प्राध्यापकों ने ग्रामीण अंचल की बेटियों को महाविद्यालय की स्वर्णिम उपलब्धियों, आधुनिक डिजिटल ई-लाइब्रेरी, हाई-टेक प्रयोगशालाओं, सुरक्षित वाई-फाई परिसर और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. व एम.ए की विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने इस अभियान की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य हर ग्रामीण मेधा को तराशना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।बताते चले कि यह महाविद्यालय छात्राओं को सुरक्षित, अनुशासित और उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए निरंतर समर्पित है।

दिनाँक : 18/05/2026 निजी संवाददाता

# प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्राध्यापकों ने ग्रामीण अंचलों में फूंका शिक्षा का अलख, छात्राओं को दिया प्रवेश का आमंत्रण

निजी संवाददाता

**अम्बेडकर नगर, अचल वार्ता।** अकबरपुर नारी शिक्षा और सशक्तिकरण के शीर्ष ध्वजवाहक, रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र (2026-27) के प्रवेश अभियान को नया आयाम देते हुए एक वृहद जनसंपर्क अभियान चलाया गया। यशस्वी प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार वर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं ऊर्जावान निर्देशन में महाविद्यालय के प्रबुद्ध प्राध्यापकों की टोली ने ज्ञान के प्रकाश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस पावन उद्देश्य के साथ शिक्षकों की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों—विजयगांव, नेवतरिया, ताजनपुर, श्रीनाथ का पुरवा, कोटवा, मोहम्मदपुर, अफजलपुर, सुड़ारी, कुर्की, वरवा नासिरपुर, डैय्याडीह, मुबारकपुर, ग़दाया, मोहिसिनपुर और दाऊदपुर का सघन भ्रमण किया। इस दौरान प्राध्यापकों ने घर-घर जाकर



छात्राओं और उनके अभिभावकों से सीधा आत्मीय संवाद स्थापित किया तथा उन्हें उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस प्रेरक अभियान के अंतर्गत प्राध्यापकों ने ग्रामीण अंचल की बेटियों को महाविद्यालय की स्वर्णिम उपलब्धियों, आधुनिक डिजिटल ई-लाइब्रेरी, हाई-टेक प्रयोगशालाओं, सुरक्षित वाई-फाई परिसर और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों (बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. व एम.ए.) की विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने इस अभियान की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य हर ग्रामीण मेधा को तराशना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।बताते चले कि यह महाविद्यालय छात्राओं को सुरक्षित, अनुशासित और उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए निरंतर समर्पित है। कॉलेज आधुनिक प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय, योग्य प्राध्यापकों और वाई-फाई युक्त परिसर के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। महाविद्यालय के इस सराहनीय कदम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है और छात्राएं भारी संख्या में प्रवेश हेतु आवेदन कर रही हैं। इस अभियान के माध्यम से प्राध्यापकों ने इच्छुक छात्राओं से गुणवत्तापूर्ण, अनुशासित और संस्कारयुक्त उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन से संपर्क कर अविलंब अपना स्थान सुरक्षित करने का भी निर्देश दिया।

दिनाँक : 18/05/2026 लोक भारती

# प्राध्यापकों ने ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की जगाई अलख

लोकभारती न्यूज ब्यूरो



अम्बेडकरनगर।नारी शिक्षा और सशक्तिकरण के शीर्ष ध्वजवाहक, रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र (2026-27) के प्रवेश अभियान को नया आयाम देते हुए एक वृहद जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार वर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं ऊर्जावान निर्देशन में महाविद्यालय के प्रबुद्ध प्राध्यापकों की टोली ने ज्ञान के प्रकाश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

इस पावन उद्देश्य के साथ शिक्षकों की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों—विजयगांव, नेवतरिया, ताजनपुर, श्रीनाथ का पुरवा, कोटवा, मोहम्मदपुर, अफजलपुर, सुड़ारी, कुर्की, वरवा नासिरपुर, डैय्याडीह, मुबारकपुर, गदाया, मोहिसिनपुर और दाऊदपुर का सघन भ्रमण किया।इस दौरान प्राध्यापकों ने घर-घर जाकर छात्राओं और उनके अभिभावकों से सीधा आत्मीय संवाद स्थापित किया तथा उन्हें उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस प्रेरक अभियान के अंतर्गत प्राध्यापकों ने ग्रामीण अंचल की बेटियों को महाविद्यालय की स्वर्णिम उपलब्धियों, आधुनिक डिजिटल ई-लाइब्रेरी, हाई-टेक प्रयोगशालाओं, सुरक्षित वाई-फाई परिसर और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों (बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. व एम.ए.) की विस्तृत जानकारी दी।प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने इस अभियान की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य हर ग्रामीण मेधा को तराशना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

बताते चले कि यह महाविद्यालय छात्राओं को सुरक्षित, अनुशासित और उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए निरंतर समर्पित है। कॉलेज आधुनिक प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय, योग्य प्राध्यापकों और वाई-फाई युक्त परिसर के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। महाविद्यालय के इस सराहनीय कदम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है और छात्राएं भारी संख्या में प्रवेश हेतु आवेदन कर रही हैं। इस अभियान के माध्यम से प्राध्यापकों ने इच्छुक छात्राओं से गुणवत्तापूर्ण,अनुशासित और संस्कारयुक्त उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन से संपर्क कर अविलंब अपना स्थान सुरक्षित करने का भी निर्देश दिया।

दिनाँक : 1/05/2026 आनन्दी मेल

# प्राचार्य के मार्गदर्शन में प्राध्यापकों ने ग्रामीण अंचलों में फूंका शिक्षा का अलख, छात्राओं को दिया प्रवेश का आमंत्रण

आनंदी मेल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। नारी शिक्षा और सशक्तिकरण के शीर्ष ध्वजवाहक, रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र (2026-27) के प्रवेश अभियान को नया आयाम देते हुए एक बृहद जनसंपर्क अभियान चलाया गया। यशस्वी प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार वर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं ऊर्जावान निर्देशन में महाविद्यालय के प्रबुद्ध प्राध्यापकों की टोली ने ज्ञान के प्रकाश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। इस पावन उद्देश्य के साथ शिक्षकों की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलोंकृविजयगांव, नेवतरिया, ताजनपुर, श्रीनाथ का पुरवा, कोटवा, मोहम्मदपुर, अफजलपुर, सुड़ारी, कुर्की, वरवा नासिरपुर, डैय्याडीह, मुबारकपुर, गदाया,



मोहिसिनपुर और दाऊदपुर का सघन भ्रमण किया। इस दौरान प्राध्यापकों ने घर-घर जाकर छात्राओं और उनके अभिभावकों से सीधा आत्मीय संवाद स्थापित किया तथा उन्हें उच्च शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरक अभियान के अंतर्गत प्राध्यापकों ने ग्रामीण अंचल की बेटियों को महाविद्यालय की स्वर्णिम उपलब्धियों, आधुनिक डिजिटल ई-लाइब्रेरी, हाई-टेक प्रयोगशालाओं, सुरक्षित वाई-फाई परिसर और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों (बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम. व एम.ए.) की विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने इस अभियान की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य हर ग्रामीण मेधा को तराशना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।बताते चले कि यह महाविद्यालय छात्राओं को सुरक्षित, अनुशासित और उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए निरंतर समर्पित है। कॉलेज आधुनिक प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय, योग्य प्राध्यापकों और वाई-फाई युक्त परिसर के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। महाविद्यालय के इस सराहनीय कदम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है और छात्राएं भारी संख्या में प्रवेश हेतु आवेदन कर रही हैं। इस अभियान के माध्यम से प्राध्यापकों ने इच्छुक छात्राओं से गुणवत्तापूर्ण,अनुशासित और संस्कारयुक्त उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन से संपर्क कर अविलंब अपना स्थान सुरक्षित करने का भी निर्देश दिया।